RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



श्रद्धा कपूर ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड की तारीफ की, बताया 'प्रतिभाशाली'

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 94 | TUESDAY DATE 28-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### आठवां वेतन आयोग देगा भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** नवंबर 2025 में आठवें वेतन आयोग के गठन के अनुमानों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में एक बड़े बदलाव के संकेत दिए है।इसका कुल वित्तीय बोझ केंद्रीय कर्मचारियों पर 3.7 से 3.9 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2016 के सातवें वेतन आयोग से करीब चार गुना अधिक होगा। हालांकि, इसकी असली कहानी केवल इस विशाल खर्च में नहीं, बल्कि भारतीय परिवारों के खर्च और बचत व्यवहार में आने वाले क्रांतिकारी परिवर्तन में छुपी है।इतिहास के मुताबिक भारत में प्रत्येक वेतन आयोग ने एक नई खपत लहर को जन्म दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 1997 में पांचवें वेतन आयोग के बाद, मध्य वर्ग के पास अतिरिक्त पैसा आया और उन्होंने स्कूटर छोड़कर सीधे बाइक का रुख किया, जिससे हीरो होंडा, बजाज ऑटो और टीवीएस जैसी कंपनियों को बड़ा मौका मिला।

### बिहार में किसी के घर उजाड़ने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था दी जाए: चिराग पासवान

**पटना, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने सोमवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अतिक्रमण हटाने वाले बयान पर आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिनके आशियाने उजाड़े जाने हों, उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए। मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे घर को न तोड़ा जाए, जिनका जायज अधिकार उस भूमि पर हो। चिराग पासवान ने सरकार के अतिक्रमण हटाने वाले अभियान को लेकर कहा कि हमारी पार्टी हमेशा इस बात की पक्षधर रही है कि जो भी गरीब परिवार हैं, पहले उनको वैकल्पिक व्यवस्था करा के दी जाए। किसी का घर उजाड़ने के पहले वैकल्पिक जगह मुहैया कराई जाए और उसके बाद जो उचित कार्रवाई हो, उसे किया जाए। बता दें कि सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि सुंदर और समृद्ध बिहार के निर्माण के लिए सख्त कदम जरूरी हैं। उन्होंने दावा किया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत उनके अपने घर की सीढ़ियां तक तोड़ी गई हैं।

## दिल्ली सरकार कराएगी 1300 श्रद्धालुओं को सोमनाथ धाम की मुफ्त यात्राः रेखा

बोलीं,30 अप्रैल को सफदरजंग से रवाना होगी विशेष ट्रेन, 1000 वर्षों की अखंड आस्था को समर्पित है यह यात्रा



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

रेखा सरकार 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व -सोमनाथ यात्रा' शुरू कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस आयोजन की घोषणा करते हुए कहा कि यह पावन पहल 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्षों की अखंड आस्था' को समर्पित है और दिल्लीवासियों को अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, भारतीय परंपरा और हमारी आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने का पावन अवसर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 30 अप्रैल को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से लगभग 1300 श्रद्धालुओं को लेकर एक विशेष ट्रेन गुजरात के सोमनाथ धाम के लिए रवाना होगी। वह स्वयं इस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। ट्रेन अगले दिन सुबह सोमनाथ पहुंचेगी। 1, 2 और 3 मई को श्रद्धालुजन भगवान शिव के पावन ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के दर्शन करेंगे और आसपास स्थित अन्य प्रमुख मंदिरों के भी दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। पूरी यात्रा निशुल्क होगी।

## राष्ट्र की सच्ची शक्ति नागरिकों की निस्वार्थ सेवा भावना में निहित है: मोदी



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को निस्वार्थ सेवा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह एक मजबूत और दयालु समाज की नींव है, साथ ही उन्होंने नागरिकों से सद्भावना के कार्यों के माध्यम से एक दूसरे को प्रेरित करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'राष्ट्र की सच्ची शक्ति उसके नागरिकों की निस्वार्थ सेवा भावना में निहित है। यह लोगों को एक-दूसरे को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित करता है, साथ ही हमारे समाज को और अधिक समृद्ध बनाता है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने संस्कृत का एक श्लोक भी साझा किया, जिसका अर्थ है: 'पेड़ खुद तेज धूप सहन करते हैं, फिर भी दूसरों को छाया देते हैं। उनके फल भी दूसरों के लिए होते हैं। पेड़ निस्वार्थ और नेक लोगों के समान हैं जो हमेशा दूसरों को आराम और सहायता प्रदान करते हैं।' वहीं इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी चुनावी रैली से पहले पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर स्थित मतुआ ठाकुर मंदिर का दौरा किया, जहां उन्होंने मतुआ समुदाय की मुखिया बिनपानी देवी से हुई अपनी मुलाकात को याद किया।2019 में अपने इस दौरे की एक तस्वीर साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें मंदिर की अपनी पिछली यात्रा के दौरान 'बोरो मां' का आशीर्वाद प्राप्त करने की याद आ गई।

ठाकुरनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने ओराकंडी की अपनी यात्रा के बारे में भी बात की और इसे एक बेहद भावुक अनुभव बताया।

## प्रो. गोबर्धन दास की विशेषज्ञता से मजबूत होगी नीति निर्माण प्रक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार सुबह नीति आयोग के नए पूर्णकालिक सदस्य प्रो. गोबर्धन दास से मुलाकात की। पीएम मोदी ने उनकी जीवन यात्रा को प्रेरणादायक बताया और सार्वजनिक स्वास्थ्य व इम्यूनोलॉजी में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रो. दास की विशेषज्ञता से नीति निर्माण की प्रक्रिया और मजबूत होगी और देश को नई दिशा मिलेगी। इस मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज सुबह प्रो. गोबर्धन दास जी से मुलाकात हुई। उनका निजी जीवन सफर बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने जिन भी संघर्षों का सामना किया, उनसे समाज की सेवा करने और उसे कष्टों से मुक्त करने का उनका संकल्प और भी मजबूत हुआ। यह बात सार्वजनिक स्वास्थ्य और इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में उनके योगदान में साफ झलकती है। उनका समृद्ध कार्य और विद्वत्ता हमारी नीति-निर्माण की रूपरेखा को और भी समृद्ध बनाएगी।' नीति आयोग के नए सदस्य बनने के बाद प्रो. गोबर्धन दास ने 25 अप्रैल को एक इंटरव्यू में देश के विकास और क्षेत्रीय पुनर्जीवन को लेकर अपना विस्तृत रोडमैप साझा किया था।

### दिल्ली में नकली दवाइयों के बढ़ते कारोबार को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर लापरवाही का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी में नकली दवाइयों के बढ़ते कारोबार को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। श्री यादव ने अपने बयान में कहा कि दिल्ली देशभर में नकली दवाओं का प्रमुख थोक और री-डिस्ट्रीब्यूशन केंद्र बन चुकी है, जहां असली दवाओं की पैकेजिंग में नकली दवाइयों की आपूर्ति की जा रही है। यह नेटवर्क हाईटेक मशीनों और डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल कर रहा है, जिसमें एक्सपायरी दवाओं को री-पैक करना, नकली ब्रांडिंग और फर्जी बारकोड तैयार करना शामिल है। ये दवाइयां कैंसर, डायबिटीज, एंटीबायोटिक्स और अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों तक ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों के जरिए पहुंच रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नाक के नीचे यह संगठित नेटवर्क फल-फूल रहा है और इसमें अधिकारियों की मिलीभगत का भी संदेह है। हाल ही में पुलिस द्वारा 2 करोड़ रुपये की नकली दवाइयों की जब्ती और 50 करोड़ के फर्जी जीएसटी नेटवर्क का खुलासा इसका उदाहरण है। श्री यादव ने सरकार से इस ऑनलाइन दवा आपूर्ति करने वाली कंपनियों पर सख्त कार्रवाई करने और इस खतरनाक कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की ।

### सौरभ भारद्वाज का राघव चड्ढा पर तंज, 'जाने के लिए स्वतंत्र थे, षड्यंत्र रचना सही नहीं'

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** 'आप' छोड़कर राघव चड्ढा सहित अन्य सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राघव चड्ढा को भाजपा के साथ मिलकर षड्यंत्र नहीं रचना चाहिए था। पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो जारी कर कहा कि राघव चड्ढा स्वतंत्र हैं। वो किसी भी पार्टी में जा सकते हैं, लेकिन जिस तरह से गए हैं, वो नहीं करना चाहिए था। भारद्वाज ने कहा कि राघव ने एक बयान में कहा था कि लोग जैसे नौकरी बदलते हैं, वैसे मैंने पार्टी बदल ली है। मैं इस पर कहना चाहता हूं कि लोग नौकरी बदलने के पहले नोटिस देते हैं। उन्होंने कहा कि यह वैसा नहीं है, लेकिन जब लोग नौकरी बदलते हैं, तो वे अपनी मौजूदा कंपनी के खिलाफ साजिश नहीं करते हैं, लेकिन राघव चड्ढा यहां साजिश रच रहे हैं। उनको इस तरह काम नहीं करना चाहिए, उन्होंने इतने साल इस पार्टी में दिया है, उसके बारे में कुछ सोचना चाहिए। एक साल से अधिक समय तक, राघव ने भाजपा की सेंट्रल गवर्नमेंट के साथ मिलकर एक ऐसे युवा पॉलिटिशियन की न्यूट्रल इमेज बनाने की साजिश की, जो मिडिल क्लास के मुद्दे उठाता है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राघव चड्ढा के ऊपर जब ईडी का शिकंजा कसने लगा, तभी मन बना लिया था कि भाजपा ज्वाइन कर लेंगे नहीं तो ईडी हमें फंसा सकती है। राघव ने पार्टी में ये बात किसी को बताई नहीं थी और पार्टी के साथ गलत किया है.

## नितिन नवीन ने राजस्थान में भाजपा के 7 कार्यालयों का किया उद्घाटन

**» जयपुर, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद नितिन नवीन ने राजस्थान की अपनी पहली यात्रा पर सोमवार को टोंक में पार्टी के नवनिर्मित जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्चुअल माध्यम से बूंदी, प्रतापगढ़, बाड़मेर, चूरू, डूंगरपुर और पाली में भाजपा कार्यालयों का भी उद्घाटन किया और जालोर में एक नए कार्यालय की आधारशिला रखी। नितिन नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए अपनी शुरूआती राजनीतिक यात्रा को याद करते हुए कहा, 'मैंने पहली बार 2006 में राजस्थान का दौरा किया था, जब में पहली बार विधायक बना था।' उन्होंने पार्टी के बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'एक कार्यालय केवल ईंट और सीमेंट से बनी इमारत नहीं है, बल्कि यह हमारे संकल्प और विचारधारा का केंद्र बिंदु है।' नितिन नवीन ने जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुंचने के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। उन्होंने पार्टी की प्रगति पर विचार करते हुए कहा, 'एक समय था जब भाजपा के पास केवल दो सांसद थे और लोग हमारा मजाक उड़ाते थे। आज यह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

## राहुल गांधी का केजरीवाल पर हमला, वैंगनर से आए और करोड़ो के 'शीशमहल' में चले गए

**» कोलकाता, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**



पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में शीशमहल का जिक्र कर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की घेराबंदी की है। राहुल गांधी ने कोलकाता में रैली को संबोधित केजरीवाल पर निशाना साधकर कहा कि केजरीवाल ने अलग राजनीति का वादा किया था। लेकिन केजरीवाल अपनी छोटी सी वैंगनर गाड़ी से आए और करोड़ो रुपए के 'शीशमहल' में चले गए। राहुल गांधी ने रैली को संबोधित कर कहा, 'उन्होंने एक नई तरह की राजनीति की बात की थी। मैं राजनीति दूसरी तरह से करूंगा। वे खंभे पर चढ़ गए थे। लाल रंग का स्वेटर पहना था..। याद है आपको? छोटी सी गाड़ी से आए थे, वैगनर से।' राहुल गांधी ने कहा, केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि 'वैगन आर में आए और सीधा शीशमहल की पार्किंग लॉट में चले गए। करोड़ो रुपए का घर, भ्रष्टाचार, पॉल्यूशन। जो कांग्रेस की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित जी ने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया था, सड़कें बनाई थीं, पुल बनाए थे, उन सब को इन्होंने खत्म किया। गौरतलब है कि विपक्षी पार्टियां दिल्ली के मुख्यमंत्री रहने के दौरान केजरीवाल के आधिकारिक आवास रहे 6, फ्लैगस्टाफ बंगले को शीशमहल कहती रही है। केजरीवाल पर बंगले को बनवाने में करोड़ों रुपए खर्च करने के आरोप लगे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

## हंसराज कॉलेज ने सस्पेंड किए 30 छात्र, डूसू अध्यक्ष आर्यन मान ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के हंसराज कॉलेज ने सोशल मीडिया पर संस्थान को बदनाम करने और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के आरोपों में करीब 30 छात्रों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें छात्र संघ के चार पदाधिकारी भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, 8 और 9 अप्रैल को हुए सालाना फेस्ट के दौरान हिंसा और दुर्व्यवहार की कथित घटनाओं के बाद 20 से 25 अप्रैल के बीच नोटिस जारी किए गए थे। बाद में एक नोटिस में कॉलेज प्रशासन ने कहा कि संघ के पदाधिकारियों को अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। इस फैसले की दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ (डूसू) ने कड़ी आलोचना की है। डूसू के अध्यक्ष आर्यन मान ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'मुझे हाल ही में पता चला कि लगभग 30 छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कॉलेज यूनियन के सदस्यों को भी निलंबित कर दिया गया है, जिन्हें लगभग 7,000 छात्रों ने चुनकर भेजा है।' उन्होंने कहा, 'मैं खुद हंसराज कॉलेज का पास-आउट हूं और वहां तीन साल तक छात्र राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल रहा हूं।

## केजरीवाल के समर्थन में उतरीं आतिशी, बोलीं-जब न्याय की उम्मीद टूट जाए तो सत्याग्रह ही एकमात्र रास्ता

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने अरविंद केजरीवाल द्वारा जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को लिखे पत्र का समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अरविंद केजरीवाल के वीडियो को शेयर किया है, जिसमें वे जस्टिस स्वर्णकांता को लिखे पत्र के बारे में बता रहे हैं। आतिशी ने लिखा जब एक आम इंसान को लगता है कि उसको न्याय ही नहीं मिलेगा तो उसके पास क्या विकल्प बचता है? तब वह सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलने का फैसला करता है। वही रास्ता जो गांधी जी ने सिखाया था। आज बात सिर्फ अरविंद केजरीवाल की नहीं, बल्कि यह हर उस नागरिक की भावना है जिसकी न्याय की उम्मीद टूट रही है। आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को पत्र लिखकर कहा है कि वे दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले से संबंधित कार्यवाही में न तो स्वयं उनके समक्ष उपस्थित होंगे और न ही कानूनी वकील के माध्यम से उपस्थित होंगे।

## बालक गऊशाला में गऊ दिवस पर गूंजी मांग, गऊ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 27 अप्रैल। गांव बालक स्थित श्री कृष्णा श्री श्री 1008 बाबा ऋद्धनाथ गऊशाला में भारत सरकार द्वारा घोषित गऊ दिवस बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गऊशाला परिसर में विधिवत गऊ पूजन एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें गऊशाला समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार से गऊ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग की।

गऊशाला समिति के प्रधान महावीर सिंह ने कहा कि गऊ माता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यदि गऊ माता सुरक्षित रहेगी तो हमारा धर्म, संस्कृति और राष्ट्र भी सुरक्षित रहेगा। गऊ माता का आशीर्वाद जिस परिवार, समाज और राष्ट्र पर रहता है वहां सुख, समृद्धि और उन्नति का वास होता है। इसलिए सरकार को गऊ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देकर देशवासियों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह गोवंश की सेवा और सुरक्षा के लिए आगे आए। यदि कहीं कोई गाय बीमार, घायल या असहाय अवस्था में दिखाई दे तो उसे तुरंत उपचार के लिए गौशाला या पशु चिकित्सालय पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। गोसेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं बल्कि मानवता और संवेदनशीलता का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में समिति सदस्यों ने कहा कि गौ संरक्षण से न केवल धार्मिक आस्था मजबूत होती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। गऊशालाओं के माध्यम से गोवंश की रक्षा कर समाज में सेवा और करुणा का संदेश फैलाया जा सकता है।

इस अवसर पर गऊशाला समिति के प्रधान महावीर सिंह, फौजी नरेश कुमार दुहन, बलजीत सिंह, रोशन शर्मा, जोगेंद्र शर्मा, बीर रामपाल रेड्डू, प्रकाश रेड्डू, राजकुमार शर्मा, रामकिशोर बंसल, रोहतास गुणपाल, अंकित रेड्डू, जोगीराम रेड्डू, काला मिस्त्री सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने गऊ सेवा और संरक्षण का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# महेंद्र सेतिया बने प्रांतीय अध्यक्ष बरवाला अधिवेशन में ली शपथ




» **हरियाणा, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

अखिल भारतीय सेवा संघ का प्रांतीय अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह जिला हिसार के बरवाला स्थित मंडी रोड की कृष्ण धर्मशाला में बड़े ही भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मनोहर लाल नागपाल, बरवाला नगर परिषद चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, प्रमुख समाजसेवी आयुष शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी राकेश चराया, भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश सचिव विपिन लोहिया, नगरपालिका बरवाला के वाइस चेयरमैन ताराचंद नलवा, मार्केट कमेटी बरवाला के चेयरमैन प्रवीण सैनी तथा वाइस चेयरमैन रोशन घनघस उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इंदर गोयल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय महासचिव एवं संस्थापक विनोद धवन ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन पूर्व पार्षद एवं शाखा अध्यक्ष बरवाला विक्की रहेजा ने किया।

कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष डायमंड रत्न महेंद्र सेतिया के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर महेंद्र सेतिया ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा समाजहित के कार्यों को गति देने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का आ'ान किया।

राष्ट्रीय महासचिव एवं संस्थापक विनोद धवन ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ की नींव समाजसेवा, राष्ट्रभक्ति और जनकल्याण के मूल सिद्धांतों पर रखी गई है। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा की भावना पहुंचाना और राष्ट्रहित में कार्य करना है। उन्होंने सदस्यों से सेवा को अपना धर्म मानते हुए संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आ'ान किया।

बरवाला नगर परिषद चेयरमैन रमेश बैटरीवाला ने कहा कि ऐसे सामाजिक संगठन समाज में एकता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ समाजहित में सराहनीय कार्य कर रहा है और भविष्य में भी इस संगठन का सहयोग एवं समर्थन जारी रहेगा। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

प्रमुख समाजसेवी आयुष शर्मा ने कहा कि समाजसेवा ही सच्ची मानव सेवा है और संगठन इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति हमें सेवा, समर्पण और संस्कारों का संदेश देती है, जिसे संगठन अपने कार्यों के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं से भी सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इंदर गोयल ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का आ'ान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसके सदस्यों में निहित होती है और जितने अधिक लोग इस सेवा अभियान से जुड़ेंगे, उतना ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

## एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक, आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराएगा भारत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंच रहे हैं। वह यहां 28 अप्रैल को होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बैठक है।

इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्रीय सुरक्षा, शांति और सहयोग से जुड़े कई विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। भारत यहां आतंकवाद के खिलाफ अपनी शून्य-सहिष्णुता टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट रूप से सामने रखेगा। शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों में भारत, रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार बैठक के एजेंडे में अंतरराष्ट्रीय शांति को मजबूत करना व आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक रणनीति बनाना शामिल है। इसके अलावा सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाना भी प्रमुख रूप से एजेंडे का हिस्सा है।

गौरतलब है कि ईरान-अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण मौजूदा समय में पश्चिम एशिया में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति से पैदा हुए भू-राजनीतिक तनाव के कारण यह बैठक और भी महत्वपूर्ण हो गई है। संभावना है कि सदस्य देश इस संकट के प्रभाव को कम करने और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस मंच पर भारत की वैश्विक शांति के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराएंगे। साथ ही, वे आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ भारत की 'शून्य सहिष्णुता' की नीति को स्पष्ट रूप से सामने रखेंगे। दरअसल भारत लगातार यह मानता रहा है कि आतंकवाद किसी भी रूप में मानवता के लिए खतरा है और इसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

# राज्यसभा का सियासी गणित, 'आप' के 7 पूर्व नेता आधिकारिक तौर पर हुए भाजपा सांसद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

देश की संसदीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव सामने आया है। राज्यसभा सचिवालय द्वारा सोमवार को जारी की गई जानकारी में आम आदमी पार्टी के सात पूर्व नेताओं के नाम आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसदों के रूप में शामिल दिखाई दिए हैं।

गौरतलब है कि राघव चड्ढा समेत राज्यसभा के सात सांसदों ने आम आदमी पार्टी को छोड़कर भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया था। अब राज्यसभा ने सदन में हर दल की पार्टी वार स्थिति जारी की है। यह राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी की गई यह सूची बताती है कि 24 अप्रैल 2026 तक की



स्थिति के अनुसार जहां भाजपा सांसदों की संख्या 113 हो गयी है, वहीं आम आदमी पार्टी के सांसदों की संख्या 10 से घटकर 3 रह गई है।

राज्य सभा सचिवालय द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार डॉ. अशोक कुमार मित्तल, राघव चड्ढा, हरभजन सिंह, संदीप कुमार पाठक, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता के नाम भाजपा सांसदों की सूची में दर्ज हैं। इन नामों के शामिल होने से राज्यसभा में भाजपा की संख्या बढ़कर 113 हो गई है, जिससे उसकी स्थिति और मजबूत हो गई है।

राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी 'पार्टी पोजीशन' दस्तावेज में विभिन्न दलों की मौजूदा ताकत का विवरण दिया गया है। इसके अनुसार भाजपा 113 सदस्यों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस 29 सांसदों के साथ दूसरे स्थान पर है। तृणमूल कांग्रेस के 13 सदस्य हैं, जबकि डीएमके के 8 सांसद उच्च सदन में मौजूद हैं।

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 7 और बीजू जनता दल के 6 सदस्य भी सूची में शामिल हैं। इस सूची में सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव यह दिखा कि आम आदमी पार्टी के सांसदों की संख्या घटकर सिर्फ 3 रह गई है। पहले के मुकाबले यह कमी पार्टी के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। इसके अलावा अन्नाद्रमुक के 5, जनता दल (यूनाइटेड), समाजवादी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 4-4 सदस्य राज्यसभा में हैं।

अन्य दलों में राष्ट्रीय जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, माकपा और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के 3-3 सदस्य शामिल हैं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा और भाकपा के 2-2 सांसद हैं। कई छोटे दलों और क्षेत्रीय पार्टियों के एक-एक सदस्य भी इस सूची में दर्ज हैं, जबकि 3 निर्दलीय सांसद भी राज्यसभा का हिस्सा हैं। नामित सदस्यों की संख्या 7 बताई गई है।

## एओए की जीबीएम से लौटे अधिकारी, चुनाव कराने से किया इन्कार

**वसुंधरा, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** सेक्टर-15 स्थित शिखर एन्क्लेव अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन (एओए) के आगामी चुनाव के मद्देनजर रविवार को बुलाई गई जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) में जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के दौरान सोसायटी के कुछ लोगों ने डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा तय किए गए चुनाव अधिकारी जो कि जिला प्रशासन में भूमि संरक्षण अधिकारी हैं, उन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया गया। लोगों द्वारा पक्षपात करने का आरोप लगाने से नाराज हुए अधिकारी बैठक छोड़ कर चले गए और स्पष्ट किया कि वह अब यहां चुनाव नहीं कराएंगे। वसुंधरा सेक्टर-15 स्थित शिखर एंक्लेव सोसायटी में गत दो वर्ष से एओए चुनाव नहीं हो पा रहे हैं। चुनाव न होने की वजह से सोसायटी की सुविधाएं तक प्रभावित हो रही हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार ने सोसायटी में चुनाव कराने की जिम्मेदारी भू संरक्षण अधिकारी विकास कुमार को दी गई थी। चुनाव से पूर्व अधिकारी ने सोसायटी में जीबीएम रखवाई थी, वह स्वयं भी इसमें शामिल थे। बैठक में चुनाव अधिकारी ने प्रस्ताव रखा कि फरवरी 2026 तक मेंटेनेंस शुल्क जमा करने वाले सभी सदस्यों को मतदान और नामांकन का अधिकार दिया जाएगा। इस प्रस्ताव पर कई सदस्यों ने आपत्ति जताई और कहा कि मतदान का अधिकार सभी सदस्यों को मिलना चाहिए। लोगों ने यह भी कहा कि चुनाव लड़ने के लिए यूपी अपार्टमेंट एक्ट के तहत वही लोग नामांकन करें जो पात्र हों। सदस्यों का कहना था कि ऐसे किसी भी पूर्व, वर्तमान या संभावित पदाधिकारी को नामांकन का अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए.

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मन की उड़ान साहित्यिक संस्था द्वारा 22वां 'शाम ए गजल' कार्यक्रम आयोजित

## कवियों और शायरों ने हास्य रचनाओं से श्रोताओं का समां बांधा

» निर्मल सिंह




पानीपत, यूटर्न/ 27 अप्रैल। मन की उड़ान साहित्यिक संस्था (रजि.) का बाईसवां शाम-ए-गजल साहित्यिक कार्यक्रम होटल थ्रोसं अल्फा सिटी करनाल में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुभाष सैनी ने की, मुख्य अतिथि डॉ. यजुवेंद्र सिंह मैहला रहे, विशिष्ट अतिथि डॉ. पारूल मैहला रही। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. सुभाष सैनी की बारहवीं पुस्तक हिन्दी लघुकथा विश्लेषण एवं मूल्यांकन का विमोचन मुख्य अतिथि व उपस्थित साहित्यकारों द्वारा किया गया। इससे पहले भी साहित्यकार डॉ. सुभाष सैनी की अलग-अलग विधाओं में ग्यारह पुस्तकें प्रकाशित है।

काव्य की शुरूआत करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. सुभाष सैनी ने कहा, जिन्दगी इक हादसा है आजकल, सांस लेना भी भी सजा है आजकल, मुख्य अतिथि डॉ.यजुवेंद्र सिंह मैहला ने कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे की चेतना को जगाने का कार्य करते हैं, विशिष्ट अतिथि डॉ. पारूल मैहला ने कहा युवा पीढ़ी में अच्छे संस्कार साहित्य के माध्यम से ही आ सकते, कार्यक्रम में पहुंचे अंतराष्ट्रीय युवा शायर तनवीर फिरोजाबादी ने कहा क्यों पूछते हो आप मेरा कैसा हाल है, मर मर के जी रहा हूं ये मेरा कमाल है, संस्था अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजिका कवयित्री पूनम गोयल ने कहा प्यास अधरों की हो तो संभल जायेगी, प्यास नैनों की बुझना बड़ी बात है, कवि दलीप खरेरा ने कहा नाम तुम्हारे लिखी वसीयत, अमानत तुम्हारी तुम्हीं संभालो, पितृ ऋण से मुक्त करा कर, तुम बस पुत्र धर्म निभालो, शायर इकबाल पानीपती ने कहा दे उन्हें दो चार हल्के से थपेड़े मुफलिसी, जो मेरी फाका कशी पर मुस्कराए रात भर, संस्था संस्थापक रामेश्वर देव ने कहा हैरान हूं संसार का ये हाल देख कर, बदली हुई इंसान की मैं चाल देख कर, कवि डॉ. आर बी कपूर ने कहा कल तंग आकर मैंने घर की क्यारी में अहसास बो दिये, कमबख्त मिलते नहीं थे जब लिखने बैठता था, कवि प्रेम पाल सागर ने कहा बुझाती हैं मशालें क्यों अभी तो रात बाकी है, सम्भल के चलना कांटों के अभी जंग लात बाकी है, कवि गुरमुख सिंह वड़ैच ने कहा चन्द लम्हे हैं चलो हंस कर बिता लें, जाने कल जिन्दगी का क्या फैसला होगा, शायर हरबंस पथिक ने कहा जंग का ऐलान कर दिया, मौत का सामान कर दिया, शायरा सुमन मुस्कान ने कहा है तुम्हें किस बात का इतना गुमां अ आसमां, हमने तबीयत से अभी पत्थर उछाला है कहां, कवि नरेश लाभ ने कहा जल संरक्षित कीजिए, यही सभी की आस ,जीव जगत की बुझ सके, आकुल प्याकुल प्यास, कवयित्री सुषमा चौपड़ा ने कहा गुलाब हूं मैं बस इश्क जानता हूं.

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने राघव चड्ढा समेत 7 राज्यसभा सासंदों का भाजपा में किया स्वागत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा समेत 7 राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में शामिल होने की मंजूरी का दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वागत किया है। इसके साथ ही सभी सांसदों को शुभकामनाएं दी हैं। रेखा गुप्ता ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'राज्यसभा सभापति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के भाजपा में शामिल होने की आधिकारिक स्वीकृति का हम हार्दिक स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प



से प्रेरित होकर लिया गया आप सभी का यह निर्णय अभिनंदनीय है। अब राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रमजीत सिंह साहनी भाजपा संसदीय दल के सदस्य हैं। संसदीय गरिमा और अनुशासन को बनाए रखने वाले इन साथियों का अनुभव देश के विकास को नई शक्ति प्रदान करेगा। झूठ और अराजक राजनीति को त्याग कर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ जुड़ने के लिए आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।' वहीं, राघव चड्ढा ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट कर आम आदमी पार्टी को छोड़ने की वजह बताई है।

## संक्षिप्त खबरें




### सभागार कक्ष में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक, आज

**पानीपत, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** मंगलवार 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और बैठक में रखी जाने वाली शिकायतों को सुनेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने दी।

### दिल्ली के मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर सड़क हादसा, दो युवक की मौत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के भलस्वा डेयरी थाना क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो युवकों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक पर सवार होकर तेज गति से फ्लाईओवर पार कर रहे थे, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक बाइक से उछलकर नीचे बह रहे नाले में जा गिरा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। नाले में गिरे युवक की तलाश के लिए तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। दोनों शवों को कब्जे में लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्राथमिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और बाइक का संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। एक छोटी सी गलती ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं।

# समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम :आशीष कुमार




» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 27 अप्रैल। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। इतना ही नहीं गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले।

नगराधीश आशीष कुमार सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। इससे पहले नगराधीश आशीष कुमार ने क्रिड व अन्य विभागों से सम्बन्धित लोगों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को तय समय सीमा में इन समस्याओं का समाधान करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुडी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान किया जा रहा है।

नगराधीश ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ-साथ जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाएं।

# टॉस्क देकर महिला से सवा लाख रुपये ठगे

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** ब्रिज विहार कॉलोनी में रहने वाली महिला से साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क देकर करीब सवा लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने महिला को विश्वास में लेकर पहले कुछ टास्क में उन्हें मुनाफा दिलाया। पैसे जीतने पर महिला का विश्वास बढ़ गया। इसका फायदा ठगों ने उठाया। बाद में टास्क के नाम पर महिला से और पैसे लगवाए इसके बाद न तो उन्हें मुनाफा दिया गया और न मूल रकम की वापसी की गई। ठगी होने पर महिला से पुलिस से शिकायत की है।

राखी पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके फोन पर टेलीग्राम एप है। अज्ञात लोगों ने उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ लिया। ग्रुप में पार्ट टाइम पैसे कमाने का झांसा दिया। राखी पाल को किसी साइट पर रेटिंग व लाइक आदि का टॉस्क दिया गया। विश्वास जीतने के लिए पीड़ित को 180 से 200 रुपये तक की कमाई कराई। इसके बाद पीड़िता जालसाजों के झांसे में फंसता चली गई। सात अप्रैल को जालसाजों ने कुछ टॉस्क दिए। इसके बदले में पैसे जमा करने के लिए कहा गया। पीड़िता को बताया गया कि उसे अधिक राशि वापस मिलेगी। साथ ही गलती होने पर पैनल्टी लगेगी और टॉस्क में सुधार होने पर पूरी धनराशि वापस मिलेगी। टॉस्क के नाम पर आरोपियों के खाते में महिला ने कई बार में सवा लाख रुपये जमा कर दिए। आरोपी लगातार पीड़ित से पैसा जमा कराने का दबाव बना रहे थे। ठगी का अहसास होने पर जब महिला ने अपने पैसे वापस मांगे तो बाद में ठगों का नंबर बंद जाने लगा।

# नरेंद्र मोदी के लिए महिला सशक्तिकरण वोट बैंक से बढकर राष्ट्र निर्माण का है संकल्प : सुमन सैनी

नारी शक्ति वंदन अधिनियम विफल करने वालों के खिलाफ देश की महिलाओं के मन में पीड़ा, चिंता और आक्रोश।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी और राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा का कार्यक्रम की संयोजिका एवं जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत।

जन आक्रोश सम्मेलन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओ ने फूंका विपक्ष का पुतला।

विपक्ष के पास सिर्फ नारी शक्ति के प्रति है नफरत : सांसद रेखा शर्मा।



» प्रमोद कौशिक/संजीव कुमारी

थानेसर, यूटर्न/ 27 अप्रैल। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए महिला सशक्तिकरण वोट बैंक का मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। वर्ष 2015 में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत से महिला उत्थान का जो बीड़ा प्रधानमंत्री ने उठाया था, वह अब महिलाओं को विधानपालिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देने तक पहुंच गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक- तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करता है। इसका उद्देश्य केवल महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें नीति निर्माण में नेतृत्व की भूमिका देना है।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी सोमवार को पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से आयोजित नारी शक्ति जन आक्रोश सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी और राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा का कार्यक्रम की संयोजिका एवं जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सम्मेलन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओ ने विपक्ष का पुतला फूंककर रोष प्रकट किया।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि आज हम यहां नारी शक्ति जन आक्रोश सम्मेलन के मंच पर एक ऐसे मुद्दे को लेकर एकत्रित हुए हैं, जिसने पूरे देश की महिलाओं के मन में पीड़ा, चिंता और आक्रोश पैदा किया है। यह मुद्दा विपक्ष द्वारा नारी शक्ति अभिनन्दन बिल का विरोध और उसे लोकसभा में पास न होने देना है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक बिल का विरोध नहीं है, बल्कि यह उन उम्मीदों का विरोध है जो देश की करोड़ों महिलाओं ने अपने बेहतर भविष्य के लिए देखी थीं। यह उन सपनों को रोकने की कोशिश है, जिनमें महिलाएं बराबरी का हक, सम्मान और भागीदारी चाहती हैं। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि 17 अप्रैल का दिन लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाना था, लेकिन विपक्षी दलों ने अपनी नारी विरोधी मानसिकता के चलते इसे कलंकित करने का प्रयास किया है।

उन्होंने इसे नारी शक्ति के लिए काला दिन बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब देश की मातृशक्ति को उनका हक देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया, तो विपक्ष ने उसका विरोध किया और पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना ने करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई, जल जीवन मिशन ने घर-घर जल पहुंचाया, स्वच्छ भारत मिशन ने सम्मान और स्वास्थ्य सुनिश्चित किया तथा जन धन योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। रक्षा सेवाओं में महिलाओं को स्थायी कमीशन, सैनिक स्कूलों व एनडीए में प्रवेश, तथा विज्ञान, तकनीक और विमानन जैसे क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी महिला सशक्तीकरण के सशक्त उदाहरण हैं।

# जस्टिस स्वर्ण कांता की कोर्ट में अब पेश नहीं होंगे अरविंद केजरीवाल, बोले- न्याय मिलने की उम्मीद टूटी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्माको एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह अब उनके समक्ष व्यक्तिगत रूप से या वकील के माध्यम से पेश नहीं होंगे। केजरीवाल ने अपने पत्र में न्याय मिलने की उम्मीद टूटने की बात कहते हुए महात्मा गांधी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का निर्णय लिया है।

अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में लिखा, 'मेरी जस्टिस स्वर्ण कांता जी से न्याय मिलने की उम्मीद टूट गई है। इसलिए, मैंने गांधी जी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का फैसला लिया है। मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए फैसला किया है। जस्टिस स्वर्ण कांता के फैसले की अपील में सुप्रीम कोर्ट जाने का अधिकार रखूंगा।'

दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जज बदलने की मांग को खारिज कर दिया था। केजरीवाल ने इस मामले की सुनवाई कर रहीं जज स्वर्ण कांता शर्मा पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए मामले को किसी दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने की मांग की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने उनकी इस मांग को स्वीकार नहीं किया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने इस मुद्दे पर टिप्पणी भी की और याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका के खारिज होने के बाद केजरीवाल ने अब जस्टिस स्वर्णकांता की कोर्ट में पेश ही नहीं होने का एलान कर दिया है।

अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा, 'मुझे एक झूठे केस में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। एक चुनी हुई सरकार को गलत तरीके से गिरा दिया गया। हमें कई महीने जेल में रखा लेकिन आखिरकार सच की जीत हुई। कोर्ट ने मुझे पूरी तरह निर्दोष घोषित कर दिया। कोर्ट ने सीबीआई की जांच पर सवाल खड़े किए और जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। सीबीआई ने तुरंत इस फैसले के हाई कोर्ट में चुनौती दी ये केस जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के सामने लगा।

# चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।



सिद्धार्थ विहार में रविवार दोपहर एक कार अचानक आग का गोला बन गई। दिल्ली निवासी गुलाब गोयल अपनी पेट्रोल कार से करीब दो बजे गुजर रहे थे, तभी गाड़ी से चिंगारी निकली और देखते ही देखते आग भड़क उठी। हालात बिगड़ते देख उन्होंने किसी तरह कार से कूदकर जान बचाई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार उसकी चपेट में आ गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर पानी की तेज बौछारों से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार, शुरूआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# कंपनी से 14.22 लाख रुपये के मखाने लेकर ठग फरार

» साहिबाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।




एग्रोटर्मिनस प्रालि कंपनी से करीब 14.22 लाख रुपये के मखाने लेकर ठग फरार हो गए। ठगों का कार्यालय भी बंद मिला। उनके दो चेक भी बाउंस हो गए। ठगी होने पर पीड़ित ने लिंक रोड थाना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मनीष कुमार सिंह दिल्ली के पालम एक्सटेंशन में संचालित एग्रोटर्मिनस प्रालि कंपनी के निदेशक हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पेल बाग टी प्रालि से कंपनी के महाप्रबंधक जितेंद्र कौशिक, समन्वयक शिवम श्रीवास्तव और मनीष गौतम ने मखाने खरीदने के लिए फरवरी 2026 में सौदा किया था। सौदा में तय हुआ था कि दो बार में उन्हें दो हजार किलो मखाना भेजना है। मखाना भेजने के बाद 11 मार्च को उन्होंने कंपनी की ओर से माल पहुंचने की रसीद भी प्राप्त कर ली थी।

माल का भुगतान करने के लिए 14.22 लाख रुपये के दो चेक उन्हें दिए गए। जब उन्होंने चेक बैंक में लगाए तो दोनों बाउंस हो गए। इसके बाद आरोपियों से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो तीनों आरोपियों के मोबाइल बंद थे। कंपनी के लोग उनके कार्यालय पर पहुंचे तो वह बंद मिला। कार्यवाहक सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों को बुलाया गया है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कैलाश हिल्स दुष्कर्म-हत्याकांडः रिमांड खत्म, एम्स में मेडिकल; आज आरोपी राहुल मीणा को अदालत में पेश करेगी पुलिस



» दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।

कैलाश हिल्स में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बादहत्या के मामले में पुलिस आरोपी राहुल मीणा को सोमवार को अदालत में पेश करेगी। जिला पुलिस उपायुक्त डॉक्टर हेमंत तिवारी का कहना है कि चार दिन की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद सोमवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कल देर रात आरोपी राहुल का एम्स में मेडिकल भी करा लिया है। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने तमाम साक्ष्यों को जुटा लिया है। आरोपी राहुल मीणा व युवती का मोबाइल बरामद कर पुलिस ने उनको फॉरेंसिक जांच के लिए लैब भेज दिया है। पुलिस उसकी जांच कर केस को और मजबूत करने का प्रयास करेगी। पुलिस ने वारदात के सभी चश्मदीदों के बयान भी रिकॉर्ड कर लिए हैं।

पता चला है कि आरोपी ने योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। वह बदला लेने और लूटपाट के इरादे से दिल्ली पहुंचा और उसने वारदात को अंजाम दिया। शुरूआत में तो आरोपी गलती होने की बात कर रहा था, लेकिन अब उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। सोमवार को उसे पेश किया जाएगा जहां से उसे जेल भेजे जाने की संभावना है।

कैलाश हिल्स इलाके में इमारत की तीसरी फ्लोर पर आरोपी ने आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद बहुत हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी ने घर में रखा कैश, जेवरात और अन्य सामान लूटकर फरार हो गया।

वारदात का पता चलते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने 15 टीम बनाकर देर शाम को आरोपी राहुल मीणा को द्वारका इलाके के ओयो होटल से दबोच लिया। उसके पास से लूटा गया सामान भी बरामद हो गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने हत्या करने की बात स्वीकार की।

# संक्षिप्त खबरें

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराई, दो युवकों की हुई मौत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** दिल्ली के भलस्वा डेयरी थाना इलाके में मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, टक्कर के बाद मृतकों में से एक युवक नीचे बह रहे नाले में गिर गया। यह भीषण हादसा बीती रात उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर मुकुंदपुर फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर के बाद एक युवक उछलकर नीचे बह रहे नाले में जा गिरा। उसे ढूंढने के लिए एक बचाव अभियान शुरू किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं, दोनों शवों को अपने कब्जे में लिया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और पूरे मामले की जांच जारी है।

## विवाद के चलते युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** पुराने विवाद में बालाजी विहार कॉलोनी में युवक पर चार लड़कों ने हमला कर दिया। युवक पर एक ही दिन में दो अलग-अलग जगहों पर हमला हुआ। पहला हमला बालाजी विहार अंडरपास के पास बस का इंतजार करने के दौरान और दूसरी बार युवक के अपने कार्यालय में बैठने के दौरान हमला हुआ है। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। बालाजी विहार निवासी रविंद्र उर्फ गोविंदा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सर्वेश यादव व प्रदीप यादव दोनों एक ही परिवार के सदस्य हैं से उनका किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। इस विवाद के चलते सर्वेश यादव व प्रदीप ने 19 अप्रैल को अपने साथियों के साथ मिलकर बालाजी विहार अंडरपास के पास उनके साथ मारपीट की। लोगों के एकत्रित होने पर उस दौरान आरोपी मौके से भाग गए। आरोप है कि उसी दिन दोबारा जब वह अपने कार्यालय में बैठे थे तभी प्रदीप यादव और उसके साथी कार्यालय पर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उसे बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत साहिबाबाद थाने में की है। कार्यवाहक एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि शिकायत के आधार पर सर्वेश यादव, प्रदीप यादव, निमित यादव, नदीम और वसीम समेत अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार शिक्षिका की मौत

» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 27 अप्रैल।




जयपुरिया मार्केट के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार महिला शिक्षिका की मौत हो गई। महिला बेटी के साथ ई-रिक्शा में बैठकर अपने घर की तरफ जा रही थी। घटना के बाद पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

मृणालिनी श्रीवास्तव (50) निवासी वसुंधरा सेक्टर-तीन में बेटी उर्वी और मां मंजुल श्रीवास्तव के साथ रहतीं थीं। वह प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थीं। शनिवार को वह बेटी और मां के साथ बाजार गई थीं। वह ई रिक्शा से घर लौट रहीं थीं। रास्ते में जयपुरिया मार्केट के पास बेटी मोबाइल पर गार्ड लगवाने के लिए दुकान पर चली गई। वह मां के साथ ई-रिक्शा में बैठी रहीं, तभी तेज रफ्तार कार ने उनके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पलटने से शिक्षिका और उनकी मां को गंभीर चोट पहुंची। ई-रिक्शा चालक भी चोटिल हो गया। लोग घायलों को उपचार के लिए यशोदा अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद शिक्षिका को मृत घोषित कर दिया। उधर दुकान से बाहर आई बेटी हादसे में घायल मां को देखकर बेहोश हो गई। उसे भी उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। होश आने पर जब उसे मां के दुनिया से चले जाने की जानकारी हुई तो वह दोबारा बेहोश हो गई। रात भर बेटी का अस्पताल में उपचार चला। रविवार सुबह उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनकी मां का अस्पताल में उपचार जारी है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# दिल्ली के स्कूलों में छुट्टी से पहले बच्चे पिएंगे ORS, नोएडा में सुबह 7:30 से कक्षाएं

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।



दिल्ली-एनसीआर में स्कूली बच्चों को भीषण गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए शासन सक्रिय हुआ है। दिल्ली में जहां बच्चों को लू-लपट और डीहाईड्रेशन से बचाने के लिए ओआरएस घोल पिलाने की तैयारी है तो नोएडा में स्कूल के समय में बदलाव किया गया है।

राजधानी में बढ़ती गर्मी देखते हुए सरकार ने हीट वेव एक्शन प्लान 2026 को और सख्त किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इससे निपटने के लिए मानवीय और वैज्ञानिक तरीके से तैयारी करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें स्कूल में छुट्टी से पहले बच्चों को ओआरएस दिया जाएगा। बहुत ज्यादा गर्मी की स्थिति में निर्माण स्थलों पर मजदूरों के लिए दोपहर 12 से तीन के बीच काम रोक दिया जाएगा। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि पशु-पक्षियों के लिए पार्कों, सार्वजनिक जगहों पर पानी रखा जाए।

स्कूलों में बच्चों को छुट्टी से पहले ओआरएस का घोल पिलाकर घर भेजने के पीछे सरकार का मकसद यह है कि ताकि रास्ते में डिहाइड्रेशन से बच्चे को बचाया जा सके। यह व्यवस्था दिल्ली सरकार के करीब 15 लाख और एमसीडी स्कूलों के लगभग 6 लाख, यानी कुल करीब 21 लाख बच्चों के लिए लागू होगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सेटेलाइट डेटा के आधार पर थर्मल हॉटस्पॉट और हीट आइलैंड वाले इलाकों की पहचान की गई है, जहां तापमान सबसे ज्यादा रहता है। दक्षिण दिल्ली का आयानगर, पश्चिम दिल्ली का नजफगढ़ और सफदरजंग समेत कई इलाके पहले ही रिकॉर्ड तापमान झेल चुके हैं। वजीरपुर, जहांगीरपुरी, ख्याला, शास्त्री पार्क, विश्वास नगर, हरकेश नगर, हरि नगर और दिल्ली गेट को भी संवेदनशील क्षेत्र माना गया है। बाहरी दिल्ली के सावदा, मुबारकपुर डबास, भलस्वा, नंद नगरी, गोकुलपुरी और बक्करवाला जैसे इलाकों में भी गर्मी का असर ज्यादा पाया गया है। इन हॉटस्पॉट इलाकों के लिए अलग से तैयारी की गई है। यहां स्वास्थ्य केंद्रों में अतिरिक्त ओआरएस पैकेट, पानी के टैंकर और क्विक रिस्पॉन्स टीमें तैनात रहेंगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा है कि गर्मी से राहत के लिए कूल रूफ पॉलिसी 2026 पर तेजी से काम चल रहा है। कश्मीरी गेट बस अड्डे की छत पर रिफ्लेक्टिव कोटिंग की गई है, जिससे अंदर का तापमान कम रहेगा। बस स्टॉप पर हाई प्रेशर मिस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे और एंटी-स्मॉग गन के जरिये आसपास के तापमान को कम करने की कोशिश की जाएगी।

## लू का असर

दिल्ली में तापमान लगातार बढ़ने के साथ ही लू का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। कई सरकारी और निजी अस्पतालों में लू की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। एम्स, सफदरजंग, आरएमएल अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में रोजाना ओपीडी में 80 से अधिक मरीज आ रहे हैं।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## न्यूजीलैंड ने भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता जताईः सीआईआई

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) का उद्योग जगत ने जोरदार स्वागत किया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने इसे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई देने वाला एक महत्वपूर्ण और भविष्य को ध्यान में रखकर उठाया गया कदम बताया है। यह समझौता व्यापार विविधीकरण, नवाचार और सतत विकास जैसे साझा लक्ष्यों पर आधारित है, जो एक मजबूत और टिकाऊ साझेदारी की नींव रखता है। सीआईआई ने सोमवार को कहा कि इस समझौते की एक खास बात यह है कि इसमें व्यापार के साथ निवेश को भी जोड़ा गया है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डॉलर तक निवेश को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता जताई है। इससे भारत में औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम और इनोवेशन हब्स के विकास को गति मिलेगी। यह मॉडल व्यापार, निवेश और रोजगार सृजन को एक साथ जोड़कर समग्र विकास को बढ़ावा देगा। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का स्वागत करते हुए शीर्ष उद्योग मंडल ने कहा कि इस एफटीए के तहत भारतीय निर्यात को 100 प्रतिशत ड्यूटी-फ्री एक्सेस मिलने से आने वाले वर्षों में व्यापार में बड़ा विस्तार देखने को मिल सकता है।

# बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए साबरमती नदी पर तेजी से हो रहा पुल का निर्माण

» **अहमदाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना के तहत साबरमती नदी पर 36 मीटर ऊंचे पुल का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। इसके अलावा और कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो चुके हैं। यह जानकारी परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने दी है।

लगभग 480 मीटर लंबा और 12 मंजिला इमारत के बराबर ऊंचाई वाला यह पुल पश्चिमी रेलवे की अहमदाबाद-दिल्ली मुख्य लाइन के समानांतर बनाया जा रहा है। यह प्रस्तावित साबरमती और अहमदाबाद हाई-स्पीड रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित है। साबरमती स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर और अहमदाबाद स्टेशन से लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर है। इसके सभी आठ गोलाकार खंभे (प्रत्येक का व्यास 6 से 6.5 मीटर के बीच) का कार्य पूरा हो चुका है। इनमें से चार खंभे नदी तल में, दो नदी के किनारों पर और दो नदी के



किनारों से बाहर स्थित हैं। खंभे की ऊंचाई लगभग 31 से 34 मीटर के बीच है। इन्हें इस तरह से बनाया गया है कि नदी के प्राकृतिक प्रवाह में कम से कम बाधा आए। पुल में 76 मीटर के पांच और 50 मीटर के दो स्पैन हैं। प्रत्येक स्पैन का निर्माण मौके पर ही ढाले गए 23 खंडों का उपयोग करके किया जा रहा है। इस परियोजना में संतुलित कैंटिलीवर विधि का उपयोग किया गया है, जो नदियों पर बने लंबे पुलों के लिए उपयुक्त तकनीक है। यह विधि संरचना के नीचे चबूतरे के बिना निर्माण की अनुमति देती है, जबकि खंडों को क्रमिक रूप से जोड़ा जाता है और पोस्ट-टेंशनिंग (कंक्रीट तकनीक) द्वारा एक सतत डेक बनाया जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि नींव और आधारभूत संरचना का काम पूरा हो चुका है, जो निर्माण में एक महत्वपूर्ण चरण है। 76 मीटर के तीन स्पैन पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष ऊपरी संरचना पर पियर हेड का निर्माण और खंडों की ढलाई जारी है।

निर्माण के दौरान साबरमती नदी में निर्बाध जल प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए भी उपाय किए गए हैं। अस्थायी तटबंधों पर 'ह्यूम पाइप पुलिया लगाई गई हैं और पानी के निरंतर प्रवाह के लिए एक प्राकृतिक जल निकासी चैनल बनाए रखा गया है।

लगभग 508 किलोमीटर लंबा मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस परियोजना में कई नदी पारगमन और जटिल संरचनाएं शामिल हैं, जिनमें से कई पुल पहले ही पूरे हो चुके हैं। इनमें नर्मदा और ताप्ती जैसी प्रमुख नदियों पर बने पुल शामिल हैं।

आधिकारिक अपडेट के अनुसार, कॉरिडोर में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, सैकड़ों किलोमीटर के वायडक्ट और पियर का काम पूरा हो चुका है और स्टेशनों, डिपो और पुल स्थलों पर निर्माण कार्य साथ-साथ आगे बढ़ रहा है।

## पश्चिम एशिया संकट का असर: पोल्लाची के कच्चे नारियल निर्यात पर ब्रेक, शिपिंग बाधाओं से ठप पड़ा व्यापार

» **कोयंबटूर, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

पश्चिम एशिया में तनाव और समुद्री मार्गों में रुकावट ने तमिलनाडु के पोल्लाची में कच्चे नारियल के निर्यात को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले दो महीने से प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होने वाली खेप की आपूर्ति लगभग ठप हो चुकी है। व्यापारी बढ़ते माल-भाड़े और परिवहन में होने वाली लंबी देरी से काफी चिंतित हैं।

विदेशी खरीदारों की ओर से लगातार मांग होने के बावजूद कई खेप रद्द कर दी गई हैं, क्योंकि परिवहन और लॉजिस्टिक्स की अस्थिर स्थितियों को देखते हुए खरीदार भी काफी सतर्कता बरत रहे हैं। वैश्विक शिपिंग व्यवस्था में आई बाधाओं ने इस संकट को और भी गहरा कर दिया है, जिसके चलते प्रमुख समुद्री मार्गों पर जहाजों की भीड़ और मार्ग बदलने की समस्याएं सामने आ रही हैं। स्वेज नहर के रास्ते होने वाला परिवहन काफी धीमा हो गया है, जबकि वैकल्पिक मार्गों को अपनाने से यूरोपीय देशों तक माल पहुंचाने में लगने वाला समय बढ़कर लगभग एक महीना हो गया है। खाड़ी देशों को होने वाली खेप की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। जहाजों को 'हॉर्मुज स्ट्रेट' के रास्ते से न भेजकर दूसरे मार्गों से भेजा जा रहा है, जिससे परिवहन में लगने वाला समय दोगुना हो गया है। इसके चलते कच्चे नारियल जैसे



जल्दी खराब होने वाले सामानों का निर्यात करना और भी मुश्किल होता जा रहा है। परिणामस्वरूप, सऊदी अरब और कुवैत जैसे खाड़ी देशों को होने वाला निर्यात पूरी तरह से रुक गया है, जबकि यूरोप, पूर्वी एशिया और उत्तरी अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में होने वाली खेप की आपूर्ति भी निलंबित कर दी गई है। परिवहन में लगने वाले इस लंबे समय के कारण उत्पाद की गुणवत्ता को बनाए रखना मुश्किल हो गया है, क्योंकि कच्चे नारियल बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं और इनकी 'शेल्फ-लाइफ' सिर्फ एक सप्ताह के आसपास होती है। घरेलू स्तर पर, इस क्षेत्र को श्रमिकों की कमी के कारण भी अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि श्रमिकों का एक बड़ा हिस्सा चुनाव संबंधी गतिविधियों में व्यस्त है। इसके चलते खेतों और निर्यात इकाइयों में कटाई, छिलका उतारने, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग जैसे कार्य बुरी तरह से बाधित हुए हैं।

## टाटा और महिंद्रा ला रहे हैं धांसू रगेड एसयूवी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

स्वदेशी कंपनियां टाटा और महिंद्रा जल्द ही डिफेंडर जैसी दमदार और रफ-टफ लुक वाली नई रगेड एसयूवी लॉन्च करने वाली हैं। ये गाड़ियां बॉक्सी डिजाइन, शानदार रोड प्रेजेंस और शक्तिशाली परफॉर्मेंस के साथ आएंगी, जिनकी कीमत महंगी डिफेंडर से काफी कम रहने की उम्मीद है। महिंद्रा अपनी विजन एस को पेश करने की तैयारी में है, जिसके टेस्ट मॉडल कई बार सड़कों पर देखे गए हैं। यह एसयूवी महिंद्रा के एनयू आईक्यू प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी, जो पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक इंजन विकल्पों को सपोर्ट करता है। इसमें 1.2-लीटर टीजीडीआई पेट्रोल या 1.5-लीटर डीजल इंजन मिलने की उम्मीद है। टाटा अपनी ऑल-इलेक्ट्रिक सिएरा ईवी को इसी साल मई में लॉन्च कर सकती है। इसे टाटा की



इलेक्ट्रिक एसयूवी रेंज में हैरियर ईवी से नीचे रखा जाएगा। इसका लुक मौजूदा आईसीई सिएरा जैसा होगा, जिसमें क्लोज्ड ग्रिल, स्लिट हेडलैंप सेटअप और फुल-विड्थ एलईडी लाइट बार जैसे आधुनिक तत्व शामिल होंगे। रेनो ब्रिजर एसयूवी भी डिफेंडर से प्रेरित लुक के साथ आएगी, जिसे 1.2 लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन और एक फुली इलेक्ट्रिक वेरिएंट में पेश किया जा सकता है। इसकी लॉन्चिंग 2027 के मध्य तक होने का अनुमान है।

## नई कंट्रीमैन सी के लिए देशभर में प्री-बुकिंग शुरू

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

अपनी नई कंट्रीमैन सी के लिए मिनी इंडिया ने देशभर में प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। इच्छुक ग्राहक अपने नजदीकी अधिकृत शोरूम पर जाकर या उनसे संपर्क करके इस एसयूवी को बुक कर सकते हैं। यह मॉडल बीएमडब्ल्यू ग्रुप के चेन्नई स्थित प्लांट में असेंबल किया जाएगा, जिससे यह फुली इंपोर्टेड मॉडल्स की तुलना में काफी किफायती होने की उम्मीद है। कंट्रीमैन सी मिनी के भारतीय लाइनअप में पेट्रोल से चलने वाले वाहनों में एक अधिक सुलभ विकल्प के तौर पर उपलब्ध होगी। इसे परफॉर्मेंस-केंद्रित मिनी जेसीडब्ल्यू कंट्रीमैन ऑल4 से नीचे की श्रेणी में रखा जाएगा और यह कंट्रीमैन ई तथा एसई ऑल4 जैसे इलेक्ट्रिक वेरिएंट के साथ ब्रांड की पेशकश को मजबूत



करेगी। इस कदम से मिनी अब भारतीय खरीदारों के लिए पेट्रोल और इलेक्ट्रिक दोनों विकल्पों का एक व्यापक मिश्रण प्रदान करेगी। डिजाइन की बात करें तो, नई कंट्रीमैन सी में मिनी की ट्रेडमार्क स्टाइलिंग बरकरार रहने की संभावना है, जिसमें गोलाकार आकार के साथ आधुनिक लुक और कुछ हद तक मजबूत (रफ एंड टफ) तत्व भी शामिल हैं।

## मध्यपूर्व तनाव के बीच एयरलाइंस के लिए 5 हजार करोड़ रुपए की क्रेडिट सपोर्ट स्कीम लाने पर केंद्र कर रहा विचारः रिपोर्ट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

मध्य पूर्व में तनाव के चलते प्रभावित हुई भारतीय एयरलाइंस के लिए केंद्र सरकार 5,000 करोड़ रुपए की क्रेडिट सपोर्ट स्कीम लाने पर विचार कर रही है। इससे देश के एविएशन सेक्टर को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित योजना को आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत लागू किए जाने की संभावना है, जिसमें सरकार मध्य पूर्व तनाव से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए लगभग 2.5



लाख करोड़ रुपए के विस्तारित पैकेज पर काम कर रही है।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया, एयरलाइंस को ईसीएलजीएस के माध्यम से सरकार के सपोर्ट से क्रेडिट लेने की अनुमति दी जा सकती है, जिसमें प्रति एयरलाइन लगभग 1000 करोड़ रुपए की क्रेडिट लिमिट होगी। यह योजना पांच साल तक चलने की उम्मीद है, जिसे आगे बढ़ाया भी जा सकता है, और इसके तहत दिए गए ऋणों पर सरकार 90 प्रतिशत तक की गारंटी दे सकती है। सूत्रों ने आगे कहा कि प्रस्तावित एयरलाइन राहत योजना वैश्विक अनिश्चितताओं के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा तैयार किए जा रहे व्यापक संकट समर्थन ढांचे का हिस्सा है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिका-ईरान संघर्ष सहित बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव विमानन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर लगातार दबाव डाल रहे हैं, जो ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यवधानों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है।

इस महीने की शुरुआत में, नागर विमानन मंत्रालय ने अप्रैल 2026 के लिए डीजीसीए द्वारा अनुमोदित फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (एफटीओ) रैंकिंग के दूसरे चरण की घोषणा की, जो प्रशिक्षण मानकों में समग्र सुधार को दर्शाती है, जिसमें एक संस्थान शीर्ष 'ए' श्रेणी में शामिल हुआ है।

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू के मार्गदर्शन में विकसित इस रैंकिंग ढांचे का उद्देश्य देश भर के फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुरक्षा मानकों को बढ़ाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 11 पैसे टूटकर 94.27 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 11 पैसे टूटकर 94.27 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर की निरंतर मांग और सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर व्यापक रुझान से घरेलू मुद्रा दबाव में है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 94.25 पर खुला। फिर टूटकर शुरूआती कारोबार में 94.27 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 94.16 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.44 पर रहा।

### सन फार्मा 11.75 अरब डॉलर में ऑर्गेनॉन खरीदेगी

**अमेरिकी कंपनी के नकद सौदे से शेयरों में 5 फीसदी की उछाल**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** फार्मास्युटिकल दिग्गज सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने एक बड़ा दांव खेलते हुए अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन एंड कंपनी के अधिग्रहण की घोषणा की है। यह 11.75 अरब डॉलर का ऐतिहासिक नकद सौदा भारतीय कंपनियों द्वारा किए गए सबसे बड़े विदेशी अधिग्रहणों में से एक है। इस खबर के बाद सोमवार को बाजार खुलते ही सन फार्मा के शेयर 5 प्रतिशत से अधिक चढ़ गए, जिससे निवेशकों में उत्साह दिखा। कंपनी ने एक बयान में बताया कि उसने ऑर्गेनॉन के सभी बकाया शेयर 14 डॉलर प्रति शेयर की कीमत पर खरीदने के लिए एक अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सौदा पूरी तरह से नकद में होगा और इसका कुल एंटरप्राइज वैल्यूएशन 11.75 अरब डॉलर है। यह अधिग्रहण भारतीय कॉर्पोरेट इतिहास के कुछ सबसे बड़े विदेशी सौदों की सूची में शामिल हो गया है, जिनमें 2007 में टाटा स्टील द्वारा कोरस का 12 अरब डॉलर में अधिग्रहण और 2010 में भारती एयरटेल द्वारा जैन टेलीकॉम के अफ्रीकी कारोबार का 10.7 अरब डॉलर में अधिग्रहण प्रमुख हैं। ऑर्गेनॉन एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कंपनी है, जिसे 2021 में मर्क से अलग किया गया था। इसके यूरोपीय संघ और उभरते बाजारों में छह विनिर्माण संयंत्र हैं, जो सन फार्मा की वैश्विक विनिर्माण और वितरण क्षमताओं को मजबूत करेंगे। इस सौदे के पूरा होने के बाद, सन फार्मा का संयुक्त राजस्व 12.4 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जिससे यह दुनिया की शीर्ष 25 दवा कंपनियों में से एक बन जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद में गोवंश काटने के शक में बजरंग दल का हंगामा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** रविवार सुबह ओल्ड फरीदाबाद के सेक्टर-19 स्थित मार्केट में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक दुकान में गोवंश का मांस होने का दावा करते हुए हंगामा किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यहां गुपचुप तरीके से गोवंश काटकर लाया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मांस जब्त कर लिया।

राष्ट्रीय बजरंग दल के वार्ड अध्यक्ष दीपक शाक्य ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि फतेहपुर तगा गांव से कुछ लोग बाइक पर गोवंश का मांस लेकर सेक्टर-19 की एक दुकान पर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं ने बाइक सवार युवक का पीछा शुरू किया। जब युवक कपड़े में लिपटा मांस लेकर दुकान के अंदर दाखिल हुआ, तो कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ने का प्रयास किया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही सेक्टर-19 पुलिस चौकी इंचार्ज अजय कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर भीड़ और कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने स्थिति को संभाला और दुकान के अंदर मौजूद सारा मांस अपने कब्जे में ले लिया। चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि दुकान से बरामद मांस को जांच के लिए डॉक्टरों के पास भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह किस पशु का मांस है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए और दुकान के दस्तावेजों की भी जांच हो।

### ताला ठीक करने के बहाने अलमारी से लाखों के आभूषण उड़ाए

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र के शिवदुर्गा विहार लक्कड़पुर में ताला-चाबी ठीक करने के लिए घर में घुसे दो जालसाजों ने महिला को बातों में उलझाकर अलमारी के लॉकर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शिवदुर्गा विहार निवासी पीड़ित नीरज ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 12 से एक बजे के बीच दो व्यक्ति गली में ताला-चाबी बनाने की आवाज लगा रहे थे। उनकी पत्नी पूजा ने अलमारी का लॉक खराब होने के कारण दोनों को अंदर बुलाया। इसके बाद आरोपियों ने कभी पानी तो कभी तेल के नाम पर पूजा को बार-बार कमरे से बाहर भेजा।

## साइबर सिटी बना मादक पदार्थों की सप्लाई व खपत का अड्डा

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

साइबर सिटी अब मादक पदार्थों की सप्लाई व खपत का अड्डा बन चुकी है। जिले में आए दिन लोग मादक पदार्थों के साथ पकड़े जा रहे हैं। गुरुग्राम पुलिस द्वारा नशा तस्करी पर रोक नहीं लग पा रही है, सिर्फ कुछ अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस कुछ अपराधियों द्वारा सरकारी जमीन पर किए गए कब्जों को तुड़वाकर अपनी पीठ थपथपा रही। इस कार्रवाई से मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कोई असर नहीं होता। वे गिरफ्तारी के बाद जेल जाते हैं और जमानत पर बाहर आकर फिर से मादक पदार्थों की तस्करी में जुट जाते हैं। पुलिस ने जनवरी 2026 से 24 अप्रैल तक मादक पदार्थों की सप्लाई व तस्करी करने वाले कुल 53 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें अप्रैल माह में 10 आरोपी गिरफ्तार करके जेल भेजे हैं। वहीं, मार्च में 15 आरोपी, फरवरी में 11 आरोपी और जनवरी में 17 आरोपी पकड़े गए थे। आरोपियों से काफी मात्रा में गांजा, एमडीएफ, चरस, हेरोइन सहित अन्य मादक पदार्थ बरामद हुए। यह मादक पदार्थ दिल्ली, नेपाल, उत्तर प्रदेश, पंजाब व बिहार सहित अन्य प्रदेशों से गुरुग्राम में लेकर आते हैं।



### कई अपराधियों पर हो चुकी कार्रवाई


- 23 अप्रैल को सेक्टर-21 में दो महिलाओं अनिता व सुनीता के सरकारी जमीन पर बने अवैध कब्जों को ध्वस्त किया गया। ये दोनों महिलाएं अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री में शामिल थीं। 22 अप्रैल को कासन गांव में बलबीर उर्फ छल्ला के सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को तोड़ा। आरोपी पर अवैध वसूली व एक्साइज एक्ट संबंधित धाराओं में मामले दर्ज हैं। 15 अप्रैल को महेंद्र यादव उर्फ माही और गजेपाल उर्फ भजनलाल के सरकारी जमीन पर किए अवैध कब्जों को तोड़ा। आरोपी मादक पदार्थ रखने व बेचने के मामलों में संलिप्त रहे हैं। 15 जनवरी को सेक्टर-10 थाना क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके बनाई करीब 100 झुग्गियों को तोड़ा गया था। इन झुग्गियों में अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही थी। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। मादक पदार्थों के साथ पकड़े गए आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। जो अपराधी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करते हैं या फिर मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त पाए जाते हैं.

## दो युवकों ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो युवकों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। पुलिस दोनों मामलों में गहनता से छानबीन कर रही है।

पटौदी रोड पुलिस क्षेत्र के शिवनगर स्थित एक मकान में 25 अप्रैल की रात को एक युवक ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक की पहचान बिहार के सिवान निवासी रमेश कुमार (32) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ पटौदी रोड स्थित शिव नगर में रहता था। वह दिहाड़ी-मजदूरी का काम करता था व नशा करने का आदी था। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि 25 अप्रैल की रात करीब 10 बजे परिवार के सभी सदस्य दूसरी मंजिल पर बाहर बालकनी में बैठे थे। इसी दौरान रमेश कुमार ने दूसरी मंजिल पर ही बने कमरे में फंदा लगा लिया। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिवार वालों ने आवाज लगाई तो अंदर से कोई जवाब नहीं आई तो दरवाजा धकाकर देखा, जोकि अंदर से बंद था। परिवार वालों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वह फंदे पर



लटका हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृत युवक के भाई राकेश ने बताया कि वह गांजा व अन्य मादक पदार्थों का सेवन करता था व उसकी शादी नहीं हुई थी।

परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं, मामले में कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। मृत युवक नशीले पदार्थों का सेवन करता था। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। मामले की छानबीन की जा रही है। - अजीत सिंह, एएसआई व जांच अधिकारी, पटौदी रोड पुलिस चौकी। वहीं, दूसरे मामले में आईएमटी मानेसर थाना के अंतर्गत बास कुशला गांव में रविवार की सुबह एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बलिया (उत्तर प्रदेश) के आलम के पूरा निवासी हरिवंश राम (25) के रूप में हुई है।

## बिजली कनेक्शन को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-75 और 76 स्थित बीपीटीपी ब्लॉक के निवासियों ने रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर व्यक्तिगत बिजली कनेक्शन की मांग उठाई। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए मंत्री ने जांच कर कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया है। साथ ही जल्द अगली बैठक आयोजित करने की बात भी कही गई है। बीपीटीपी ब्लॉक के निवासी राकेश जैन, विनोद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, ज्ञानेंद्र त्यागी और कृष्ण मित्तल समेत अन्य लोग शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि फिलहाल बिल्डर के माध्यम से ही घरों में बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिसके बदले में निवासियों से मनमानी दरों पर शुल्क वसूला जाता है। इसके अलावा



क्षेत्र में अक्सर बिजली कटौती भी रहती है, जिससे हजारों परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से बिजली निगम से सीधे कनेक्शन की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## पैर का अंगूठा दबाकर भटकाया ध्यान, 50 हजार की लगी चपत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक हैरान करने वाली घटना सामने आई, जिसमें ई-रिक्शा में सफर के दौरान एक युवक के 50 हजार रुपये चोरी हो गए। आरोप है कि पहले से सवार एक महिला ने पैर का अंगूठा दबाकर उसका ध्यान भटकाया और इसी दौरान पन्नी में रखे रुपये निकाल लिए। न्यू पंचवटी कॉलोनी निवासी अरविंद मिश्रा ने बताया कि करीब 11 बजे वह अशोक नगर स्थित डाकघर से अपने खाते से 50 हजार रुपये निकालकर पन्नी में रखकर घर लौट रहे थे। वे ई-रिक्शा से राकेश मार्ग होते हुए श्याम फार्मेसी के पास जीटी रोड की ओर जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार, ई-रिक्शा में पहले से दो महिलाएं बैठी थीं, जिनमें से एक के साथ एक बच्चा भी था। इसी दौरान एक महिला ने अचानक उनके पैर का अंगूठा जोर से दबा दिया। इससे उनका ध्यान भटक गया। आरोप है कि इसी मौके का फायदा उठाकर महिलाओं ने पन्नी से 50 हजार रुपये निकाल लिए। ई-रिक्शा से उतरने के बाद अरविंद मिश्रा को रुपये गायब होने का पता चला, जिसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## मेगा जॉब फेयर-2026 में 3200 युवाओं को नौकरी के लिए किया शार्टलिस्ट





» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुरुग्राम के प्रांगण में मेगा जॉब फेयर-2026 का आयोजन में 116 कंपनियों ने भाग लिया।

वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेगा जॉब फेयर में युवाओं ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। करीब 4000 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें से 3200 अभ्यर्थियों को विभिन्न सेक्टर की कंपनियों द्वारा शार्टलिस्ट किया गया। मेगा जॉब फेयर में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित मल्टी नेशनल कम्पनियों जैसे एक्सिस बैंक, पेटीएम, सुब्रोस, मैचबेस्ट सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, आउटवर्क्स हायर फॉर डेलोइट, जस्ट डायल, एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस, बजाज कैपिटल, मैकडॉनल्ड्स, केएफसी, योकोहामा, कपारो ऑटोमोबाइल कंपनी, टीमलीज हायर फॉर कॉग्निजेंट और रिनोविजन हायर फॉर केपीएमजी आदि ने भाग लिया। मेगा जॉब फेयर में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर, रेवाड़ी, सोनीपत, चंडीगढ़, पंजाब, बिहार, हिमाचल व यूपी से विधार्थियों ने भाग लिया।

मेगा जॉब फेयर में कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में, मैकेनिकल के क्षेत्र में, फाइनेंस के क्षेत्र में, रियल एस्टेट के क्षेत्र में, एचआर के क्षेत्र में और बैंकिंग के क्षेत्र में कई प्रतिष्ठित कंपनियां ने बी.टेक (सभी ब्रांच), बी.सी.ए, बी.बी.ए, एम. टेक, एमसीए, एमबीए और पॉलिटेक्निक के छात्रों को शार्टलिस्ट किया।

वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री कुंवर निशांत सिंह ने कहा कि हमारी कोशिश रहती है कि यहां से पास होने वाले सभी विधार्थियों को अच्छे पैकेज से प्रतिष्ठित कम्पनियों में प्लेसमेंट मिले।

## बीपीएल फ्लैट दिलाने के नाम पर विधवा से 7.25 लाख रुपये की ठगी

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**



सेक्टर-50 थाना क्षेत्र में बीपीएल फ्लैट दिलाने के नाम पर विधवा से 7.25 लाख रुपये की ठगी की गई है। पीड़ित महिला ने पुलिस आयुक्त को ठगी के बारे में शिकायत दी। एसीपी (पूर्व) की जांच के बाद पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर सहित दो के खिलाफ सेक्टर-50 थाने में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा को दी शिकायत में गुरुग्राम निवासी रूपा सिंह ने बताया कि अप्रैल 2018 में उसके पति की मौत हो चुकी है ओर वह 10 साल का बच्चा है। रूपा सिंह ने बताया कि 15 जून 2020 को ओएलएक्स पर फ्लैट का विज्ञापन देखा। उसने वहां दिए गए नंबर पर नितीश कुमार से संपर्क किया। नितीश ने उन्हें सेक्टर-49 सोहना रोड, ओमैक्स सिटी सेंटर के पास स्थित शर्मा प्रॉपर्टीज के कार्यालय में बुलाया। वहां प्रमोद शर्मा से मुलाकात हुई और उसने सेक्टर-49 में हाउसिंग बोर्ड का बीपीएल फ्लैट दिखाया। प्रमोद ने उसे बताया कि यह फ्लैट पूजा नाम की महिला को आवंटित है और वह बेचना चाहती है। फ्लैट की कीमत 12 लाख रुपये बताई। जिसके लिए 7 लाख रुपये एडवांस मांगे गए।

इसके बाद 25 जून से एक जुलाई 2020 के दौरान रूपा सिंह ने टोकन मनी, कोर्ट रजिस्ट्रेशन चार्ज, जीपीए व हाउसिंग बोर्ड के लिए 7.25 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। यह राशि रूपा सिंह को उसके पति के इंश्योरेंस के रुपये से किया था। वहीं, 26 जून 2020 को पूजा से रूपा सिंह के नाम पर विल रजिस्टर्ड करवा दी गई। बाद में पता चला कि सभी दस्तावेज फर्जी थे और रूपा सिंह को फ्लैट का मालिकाना हक नहीं मिला। मामले में एसीपी (पूर्व) की जांच के बाद सेक्टर-50 थाना पुलिस ने प्रमोद शर्मा, नितीश कुमार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## गजर ने किया है इशारा की शूटिंग के अनुभवों को साझा किया सोनम खान ने

हाल ही में अभिनेत्री सोनम खान ने एक यादगार स्मृति को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने अपनी सुपरहिट फिल्म त्रिदेव के मशहूर गाने गजर ने किया है इशारा की शूटिंग के अनुभवों की एक अनोखी झलक दिखाई है, जिसने दर्शकों को पुराने दिनों की याद दिला दी। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री सोनम खान ने एक पुराना वीडियो क्लिप शेयर किया है, जिसमें वह, माधुरी दीक्षित और संगीता बिजलानी एक साथ इस आइकॉनिक गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में तीनों अभिनेत्रियों का उस दौर का ग्लैमरस लुक और शानदार डांस स्टेप्स देखने को मिल रहा है, जो आज भी दर्शकों के बीच उतना ही लोकप्रिय है। इस पोस्ट के जरिए सोनम ने दर्शकों को एक बार फिर 80 के दशक के उस सुनहरे और ऊजार्वान समय की याद दिला दी, जब यह गाना चार्टबस्टर हुआ करता था। इस पोस्ट के साथ सोनम खान ने एक दिलचस्प कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने शूटिंग के दौरान के माहौल का जिक्र किया।

उन्होंने बताया, जब मैं इस गाने की शूटिंग कर रही थी, उस समय मैं सेट पर सबसे छोटी थी।



## केवल सोशल मीडिया के ट्रेंड्स को फॉलो करना काफी नहीं : काजोल

अक्सर सोशल मीडिया पर अपने अनोखे रिलेशनशिप ट्रेंड्स और नए स्लैंग के कारण चर्चा में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने जेनजी को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। काजोल ने एक पॉडकास्ट का क्लिप इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी और जेनजी के बीच के बुनियादी अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि कैसे जानकारी की अधिकता आज की युवा पीढ़ी के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। काजोल का मानना है कि आज की युवा पीढ़ी को इंटरनेट से मिलने वाले शोर से बाहर निकलकर खुद के लिए फैसला लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। उनका तर्क है कि केवल सोशल मीडिया के ट्रेंड्स को फॉलो करना काफी नहीं है, बल्कि अपने मूल्यों और सीमाओं को खुद परिभाषित करना ही असल परिपक्वता है। काजोल ने अपने दौर से तुलना करते हुए कहा, मुझे लगता है कि जेनजी इस समय जानकारी के ओवरलोड से गुजर रही है। हम ऐसे समय में बड़े हुए जब जानकारी बहुत सीमित हुआ करती थी।

# श्रद्धा कपूर ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड की तारीफ की, बताया 'प्रतिभाशाली'



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर पिछले कुछ समय से राहुल मोदी के साथ अपने रूमर्ड संबंधों को लेकर सुर्खियों में हैं। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन फोटोग्राफरों द्वारा उन्हें अक्सर एक साथ कैमरे में कैद किया जाता है। श्रद्धा कपूर ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपने रूमर्ड प्रेमी की प्रशंसा की।

उन्होंने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में राहुल मोदी के नवीनतम विज्ञापन पर टिप्पणी की, जिसमें 'सैय्यारा' की अभिनेत्री अनीत पड्डा शामिल हैं। फिल्म 'स्त्री' की अभिनेत्री ने अनीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'बेहतरीन अभिनय का परफेक्ट मिश्रण।' श्रद्धा ने राहुल मोदी को 'प्रतिभाशाली' कहते हुए लिखा, 'और क्यूटनेस से याद आया, ये लेखक-निर्देशक कितने प्रतिभाशाली हैं उफ राहुल मोदी।' श्रद्धा और राहुल के बीच रिश्ते की अटकलें 2024 की शुरूआत में तब शुरू हुई, जब कथित तौर पर दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट से एक साथ निकलते हुए देखा गया। उसके बाद इन दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया है। यहां तक कि उन्होंने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के भव्य प्री-वेडिंग समारोह में भी एक साथ शिरकत की थी। पिछले साल जून में श्रद्धा ने लेखक प्रेमी के साथ अपने रिश्ते को इंस्टाग्राम पर आधिकारिक रूप देने का फैसला किया। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर राहुल मोदी के साथ सेल्फी लेते हुए अपनी एक तस्वीर शेयर की। सफेद कपड़ों में ट्विनिंग करते हुए श्रद्धा ने राहुल का हाथ प्यार से पकड़ा है। तस्वीर के कैप्शन में लिखा है, 'दिल रख ले, नींद तो वापस दे दे यार' (मेरा दिल ले लो, लेकिन कम से कम मेरी नींद तो लौटा दो)। इसके अलावा, श्रद्धा एक तस्वीर में 'आर' अक्षर वाला पेंडेंट पहने हुए भी नजर आईं। अपनी पेशेवर प्रतिबद्धताओं के बारे में बात करते हुए श्रद्धा कपूर मराठी लोक कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित बायोपिक 'ईथा' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा, वह अपनी लोकप्रिय 'स्त्री' फ्रेंचाइजी की तीसरी कड़ी में भी अभिनय करेंगी। उनकी आने वाली फिल्मों में फिल्म निमार्ता निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित 'नागिन' भी शामिल है।

# ईशान बोले टीम से बाहर होने पर हिम्मत नहीं हारी, वापसी के लिए प्रयास किया

**मुम्बई, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा है कि जब उन्हें साल 2024 में राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया था। तब भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी थी और वह लगातार अभ्यास करते रहे। ऐसे में टीम से करीब दो साल तक बाहर रहने के बाद भी वह वापसी में सफल रहे। ईशान के अनुसार टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने हताश होने की जगह पर अपने खेल को बेहतर बनाने और निरंतरता हासिल करने पर ध्यान दिया। इसी प्रतिबद्धता के बल पर उन्होंने इस साल न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह मिली। किशन ने अपनी वापसी का श्रेय घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन को दिया, जहां उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 500 से अधिक रन बनाए और अपनी कप्तानी में झारखंड को प्रतियोगिता का खिताब भी जिताया। उन्होंने कहा, जब मैं भारतीय टीम से बाहर था, तो मैंने खुद से कहा कि मैं इसको लेकर रोना नहीं रो सकता या उदास नहीं हो सकता। किसी भी खिलाड़ी के लिए ऐसा करना सबसे आसान होता है। इससे शायद कुछ लोगों की सहानुभूति मिल जाए, शायद आपको अच्छा भी लगे, लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं होगा।




# रियान पराग के बचाव में उतरे बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर

## टीम प्रबंधन से भी मिल रहा समर्थन

**जयपुर, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग का अब तक आईपीएल के इस सत्र में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। कप्तान के तौर पर तो वह सफल रहे हैं और रायल्स अंकतालिक में शीर्ष पांच में बनी हुई है पर बल्लेबाज के तौर पर पराग एक भी मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। वह अब तक 8 पारियों में केवल 88 रन ही बना पाये हैं। इसके बाद भी टीम प्रबंधन से उनको पूरा समर्थन मिल रहा है। टीम प्रबंधन ही नहीं कोचिंग स्टाफ का भी मानना है कि पराग समय के साथ ही रन बना लेंगे। टीम उनकी बल्लेबाजी को लेकर परेशान नहीं है। टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने पराग का बचाव करते हुए कहा है कि वह सही दिशा में प्रसास कर रहे हैं। राठौर ने कहा, उनके साथ कुछ भी गडबड़ी नहीं है। वह नेट्स में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कभी-कभी ऐसा दौर आता है जब रन नहीं बनते, पर यह खेल का हिस्सा है। मुझे पूरा भरोसा है कि वह वापसी करेंगे और मजबूत वापसी करेंगे। इससे साफ है कि टीम प्रबंधन व्यक्तिगत प्रदर्शन से कहीं ज्यादा उनके रवैये और टीम के प्रति समर्पण को महत्व दे रहा है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर हस्ताक्षर से पहले पीएम लक्सन बोले- जो दशकों से नहीं हुआ वह आज होगा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर सोमवार को मुहर लगने वाली है। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए को लेकर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए डील को लेकर दशकों से लोगों ने कहा कि यह नहीं होगा, लेकिन आज यह होने वाला है।



न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'एक साल से थोड़ा ज्यादा समय पहले, मैं भारत में प्रधानमंत्री मोदी से मिला था। तब हम इस बात पर सहमत हुए थे कि हम एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे। दशकों तक, कई लोगों ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता। लेकिन आज रात, उस डील पर साइन होने वाले हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'यह एक पीढ़ी में एक बार होने वाला समझौता है जो न्यूजीलैंड एक्सपोर्टर्स को 1.4 बिलियन लोगों तक पहले कभी नहीं हुई पहुंच देता है और एक ऐसी अर्थव्यवस्था बनाता है जो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाली है। इसका मतलब है खेतों और बगीचों में ज्यादा नौकरियां, इसका मतलब है स्थानीय समुदाय में ज्यादा पैसा आना और इसका मतलब है आपके परिवार के लिए आगे बढ़ने के ज्यादा मौके।' इस समझौते पर भारत मंडपम में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और उनके समकक्ष टॉड मैक्ले की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया जाएगा। यह दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जापान में 6.2 तीव्रता का भूकंप, पीएम ताकाइची ने लोगों को अलर्ट रहने की दी चेतावनी

**टोक्यो, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** सोमवार सुबह उत्तरी जापान के एक हिस्से में 6.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। हालांकि, किसी नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने लोगों को अलर्ट रहने की चेतावनी दी है। जापान टुडे के अनुसार, जापान मौसम एजेंसी ने सुनामी की कोई एडवाइजरी जारी नहीं की। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप जापान के सबसे उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के छोटे से शहर साराबेत्सु से 18 किलोमीटर पश्चिम में 81 किलोमीटर की गहराई पर आया।

### अमेरिकी घेराबंदी के बीच ईरान ने समंदर में तैरते जहाजों को बनाया तेल का गोदाम

**तेहरान, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** अमेरिकी ब्लॉकेड और सख्त आर्थिक पाबंदियों के कारण ईरान का तेल निर्यात लगभग ठप हो गया है, जिससे देश के सामने एक अभूतपूर्व संकट खड़ा हो गया है। ईरान के जमीनी तेल भंडार पूरी तरह भर चुके हैं और अब उसके पास नया तेल रखने के लिए जगह नहीं बची है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए तेहरान ने एक ऐसा रास्ता निकाला है जो दुनिया की नजरों के सामने है, लेकिन दुश्मन उस पर कार्रवाई करने में तकनीकी रूप से लाचार नजर आ रहे हैं। ईरान ने अपनी मुख्य पाइपलाइनों और उत्पादन को बंद करने के बजाय अपने विशालकाय और पुराने टैंकरों को ही चलता-फिरता गोदाम यानी फ्लोटिंग स्टोरेज में तब्दील कर दिया है। ईरान के कुल तेल निर्यात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा खार्ग आइलैंड से होकर गुजरता है, जहां फिलहाल अमेरिकी नौसेना की कड़ी घेराबंदी है। तेल के कुओं से उत्पादन बंद करना ईरान के लिए एक बड़ा जोखिम है.

# स्पिन बोल्डक सीमा पर अफगान बलों के हमले में छह पाकिस्तानी सैनिक ढेर, बच्चे की मौत से भड़का तनाव

» **काबुल, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**



पाकिस्तानी सैन्य बलों ने एक अफगान बच्चे को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद रविवार देर रात तनाव बढ़ गया। अफगान सीमा बल और पाकिस्तानी सेना के बीच झड़प हो गई। कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक जिले में अफगान सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई में कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

अमू टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह झड़प स्पिन बोल्डक इलाके में हुई, जो दोनों देशों के बीच एक अहम बॉर्डर क्रॉसिंग है। कंधार में तालिबान से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि इस झड़प में छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और एक को पकड़ लिया गया। एक अन्य सैनिक का शव भी तालिबान के हाथ लगा। एक और चैनल, एरियाना न्यूज ने बताया कि इस झड़प के दौरान अफगान बलों ने कई हल्के और भारी हथियार भी अपने कब्जे में लिए। फरवरी के आखिर से ही तालिबान और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है, जिससे सीमा पर हिंसा जारी है। वहीं, पाकिस्तान के जियो टीवी ने बताया कि साउथ वजीरिस्तान में अफगान तालिबान की गोलीबारी में तीन आम लोग घायल हुए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। सुरक्षा सूत्रों ने इसे फितना अल-खवारिज आतंकियों की नाकाम घुसपैठ की कोशिश बताया।

रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना अंगूर अड्डा के जलोल खेल इलाके में हुई, जहां पाकिस्तानी सेना ने सीमा पार से घुसने की कोशिश कर रहे आतंकियों को रोक दिया। इसके बाद अफगान तालिबान की तरफ से बिना उकसावे के फायरिंग की गई।

पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान का तालिबान के खिलाफ सख्त रवैया इस वजह से भी हो सकता है कि काबुल और नई दिल्ली के बीच बढ़ती नजदीकियों को काउंटर किया जाए।

'जेरूसलम इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजी एंड सिक्योरिटी' (जेआईएसएस) की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान और तालिबान शासित अफगानिस्तान के बीच यह संघर्ष फरवरी के आखिर से चल रहा है। दोनों तरफ से धमकियां दी जा रही हैं और सही आंकड़े बताना मुश्किल है। हाल ही में पाकिस्तान की ओर से अफगान इलाके में किए गए हवाई हमलों के बाद अक्टूबर 2025 में हुआ सीजफायर भी टूट गया।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान को उम्मीद थी कि उसे फायदा मिलेगा और अफगान सरकार टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) को काबू में रखेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके उलट टीटीपी के हमले बढ़ गए और 2025 में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के बीच 2,400 से ज्यादा मौतें हुईं, जो एक दशक में सबसे ज्यादा हैं।

# रूस ने पश्चिमी देशों में परमाणु हथियारों की तैनाती पर गहरी चिंता व्यक्त की

**मास्को, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** रूस ने पश्चिमी देशों के अपने क्षेत्रों में परमाणु हथियार तैनात करने की बढ़ती इच्छा पर गहरी चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि यह रुझान भविष्य में और तेजी से बढ़ सकता है। परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और रूसी विदेश मंत्रालय के एंबेसडर-एट-लार्ज आंद्रेई बेलौसोव ने सुतनिक को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि रूस एनपीटी के संदर्भ में कई मुद्दों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। उनके अनुसार, पश्चिम के देशों में एक ऐसा चलन देखा जा रहा है जो जल्द ही 'हिमस्खलन जैसी वृद्धि' में बदल सकता है। उल्लेखनीय है कि एनपीटी की 11वीं समीक्षा बैठक आज से से 22 मई तक न्यूयॉर्क में आयोजित की जा रही है। श्री बेलौसोव ने कहा, 'गैर-परमाणु पश्चिमी देशों में तैनाती करने की मांग की जा रही है। नाटो के 'संयुक्त परमाणु मिशनों' और 'विस्तारित' या 'अग्रिम' परमाणु निवारण (न्यूक्लियर डिटरेंस) की योजनाएं गहरी अस्थिरता पैदा करने वाली और एनपीटी को नुकसान पहुंचाने वाली हैं।' रूसी राजनयिक ने 'यूरोपीय संघ (ईयू) को परमाणु क्षमता संपन्न' बनाने की कोशिश और इसके गैर-परमाणु सदस्य देशों द्वारा खुद के परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में बढ़ने की संभावना पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता है, तो इसके एनपीटी के लिए घातक परिणाम होंगे।

# 'मध्यस्थ को एक तरफ नहीं झुकना चाहिए', ईरान ने पाकिस्तान की मध्यस्थता पर उठाए सवाल

**तेहरान, यूटर्न/ 27 अप्रैल।** ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव कम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान की मध्यस्थता में युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर वार्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इस दीर्घकालिक गतिरोध को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान ने स्वयं को एक मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत किया है।



पाकिस्तान इस राजनयिक पहल के माध्यम से न केवल अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि को सुधारने का प्रयास कर रहा है, बल्कि उसे इस प्रक्रिया के बदले आर्थिक सहायता मिलने की भी प्रबल संभावना है। हालांकि, इन प्रयासों के बीच ईरान के भीतर पाकिस्तान की भूमिका को लेकर विश्वसनीयता का संकट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ईरान के सांसद और 'राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग' के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने भी पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए उसकी निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त किया है। रेजाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पाकिस्तान हमारा अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए सही मध्यस्थ नहीं है और उसमें मध्यस्थता के लिए जरूरी विश्वसनीयता नहीं है। वे हमेशा ट्रंप के फायदों का ध्यान रखते हैं और अमेरिकियों की मर्जी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते।' ईरानी नेता ने आगे कहा, 'उदाहरण के लिए, वे दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया। वे यह नहीं कहते कि लेबनान या ब्लॉक किए गए एसेट्स के मुद्दे पर अमेरिकियों ने कमिटमेंट किए थे लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। एक मीडिएटर को बिना किसी भेदभाव के होना चाहिए, हमेशा एक तरफ नहीं झुकना चाहिए।' पाकिस्तान का झुकाव इस स्थिति में अमेरिकी की तरफ साफ जाहिर है।

# ओमान के सुल्तान से मिले ईरान के विदेश मंत्री अराघची, पुतिन से भी करेंगे मुलाकात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची पाकिस्तान के दौरे के बाद ओमान पहुंचे। अराघची ने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल और विदेश मंत्री सैय्यद बदर बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात की। इसके बाद अब ईरानी विदेश मंत्री रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। अराघची ने ओमान के नेतृत्व से होर्मुज संकट को लेकर भी चर्चा की।

रूस की सरकारी मीडिया ने बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सोमवार को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मिलने की योजना बना रहे हैं। रूस और तेहरान पर पश्चिमी देशों के कड़े प्रतिबंध लगे हैं। ऐसे में हाल के सालों में रूस और ईरान के संबंध में काफी नजदीकी देखने को मिली है। रूस की टास न्यूज एजेंसी ने क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के हवाले से रूसी नेता के ईरान के विदेश



मंत्री से मुलाकात करने की योजना की पुष्टि की है। रूस के विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था कि अराघची बातचीत के लिए यहां आएंगे। मंत्रालय ने आरआईए नोवोस्ती न्यूज एजेंसी को बताया, 'हम बातचीत के मकसद से अराघची के रूस आने की पुष्टि करते हैं।' हालांकि, इस संबंध में उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी।

# पाकिस्तान में बच्चों में एचआईवी के बढ़ते मामले अत्याधिक गंभीर

विशेषज्ञों ने जताई चिंता कहा- लोगों को इसके प्रति शिक्षित करने की जरुरत

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 27 अप्रैल।**

पाकिस्तान में एचआईवी का खतरा बड़े स्तर पर बढ़ता जा रहा है और यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के एचआईवी सेंटर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मरीजों की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों में एचआईवी के बढ़ते मामलों को अत्यधिक गंभीर बताया है। इसके साथ ही विशेषज्ञों ने यह भी चेतावनी दी है कि बीमारी को छिपाना और टेस्ट न करवाना एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य का खतरा पैदा करता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुरुषों में एचआईवी के मामले महिलाओं की तुलना में ज्यादा सामने आ रहे हैं, जो एक विशिष्ट पैटर्न को इंगित करता है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि एड्स कंट्रोल कार्यक्रम के प्रोग्राम मैनेजर जुबैर अब्दुल्ला ने कहा कि पीआईएमएस एचआईवी सेंटर में मामलों में बढ़ोतरी का एक मुख्य कारण यह है कि अब ज्यादा लोग टेस्टिंग के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर




दिया कि लोगों को एचआईवी से बचाव के तरीकों के बारे में तुरंत शिक्षित करने की जरुरत है और सभी जगहों पर टेस्टिंग में बढ़ोतरी को एक सकारात्मक कदम बताया, क्योंकि यह बीमारी की वास्तविक स्थिति को सामने लाता है।

पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, रेगुलेशन और समन्वय मंत्रालय द्वारा जारी डेटा के मुताबिक अक्टूबर 2025 से अब तक 189 लोगों के एचआईवी-पॉजिटिव होने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। अप्रैल के पहले 20 दिनों में ही 11 नए मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुरुषों की संख्या महिलाओं से ज्यादा थी, ट्रांसजेंडर लोगों में भी मामले सामने आए, जबकि बच्चों में एचआईवी का पता चलना चिंता का विषय बना हुआ है.

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *